**कार्यालय नगर निगम देहरादून।**

**ई–निविदा सूचना**

नगर निगम, देहरादून द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 की अवधि के लिए टैक्सी वाहन इनोंवा/हौंडा सिटी/ डिजायर/अमेज/बोलेरो किराये पर लेने हेतु पंजीकृत ठेकेदारो से "तकनीकी बिड" व "वित्तीय बिड" के आधार पर ई–निविदा की वेबसाईट http://www.uktenders.gov.in के माध्यम से ई–निविदा दिनांक 08.06.2023 के अपराह्न 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 08.06.2023 को सॉय 4:00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी

नगर आयुक्त
नगर निगम देहरादून

कार्यालय नगर निगम, देहरादून।

(का0– 0135–2714074:फैक्स– 0135–2651060: ई–मेल– nagarnigam.ddn@gmail.com )

पत्रांक 157 (H) दिनांक 17/5/2023

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1) नगर आयुक्त महोदय को उनके आदेश के अनुपालन में सूचनार्थ प्रेषित।
2) सम्पादक–द पाईनियर समाचार पत्र को इस आश्य से प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना को अपने समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में आगामी अंक में कम से कम स्थान में प्रकाशित करते हुये निर्धारित छुट के साथ बिल इस कार्यालय को प्रस्तुत करने का कष्ट करें।
3) सम्पादक दैनिक जागरण समाचार पत्र को इस आश्य से प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना को अपने समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में आगामी अंक में कम से कम स्थान में प्रकाशित करते हुये निर्धारित छुट के साथ बिल इस कार्यालय को प्रस्तुत करने का कष्ट करें।
4) श्री मनीष पंत आई0टी0 ऑफिसर को इस निर्देश के साथ कि उक्त निविदा को ई–निविदा के माध्यम से निर्धारित तिथिं एवं समय तक प्राप्त करना सुनिश्चित करें।
5) नगर निगम नोटिस बोर्ड पर चश्पा हेतु।

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम देहरादून।

वर्ष – **2023–24**

## निविदा दस्तावेज

**कार्य का नाम** – नगर निगम देहरादून के अधिकारियो एवं स्टॉफ हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये किराये पर वाहनों को लेने हेतु ई–निविदा।

# नगर निगम, देहरादून।

ई–मेल– nagarnigam.ddn@gmail.com
का0– 0135–2714074:फैक्स– 0135–2651060

## प्रपत्र (क) तकनीकी ई–निविदा का प्रारूप

नगर निगम देहरादून द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 की अवधि के लिये टैक्सी वाहन किराये पर लेने हेतु।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | फर्म का नाम | |
| 2 | फर्म का पता | |
| 3 | फर्म का फोन / मोबाईल नं0 | |

### संलग्नक / प्रमाण पत्रो की छायाप्रति का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1 | फर्म का पंजीकरण पत्र संलग्न है। | |
| 2 | फर्म का पैन नम्बर संलग्न है। | |
| 3 | फर्म की निविदा धरोहर 01.00 लाख रू0 संलग्न है। | |
| 4 | 03 वर्षो का आयकर विवरण संलग्न हैं। | |
| 5 | फर्म की विगत 03 वर्षो का सी0ए0 द्वारा प्रमाणित औसत टर्नआवर प्रपत्र संलग्न हैं। | |
| 6 | फर्म की जी0एस0टी0 पंजीकरण संख्या संलग्न है। | |
| 7 | वाहनों का रजिस्ट्रेशन व इंश्योरेन्स संलग्न है। | |
| 8 | ई0पी0एफ0 व इंश्योरेन्स सम्बन्धी प्रमाण–पत्र संलग्न हैं। | |

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम देहरादून।

निविदादता हस्ताक्षर

निविदादाता का नाम..........................................

पता..........................................................................

मोहर..........................................................................

मोबाईल नं0..........................................................

नगर निगम देहरादून द्वारा वर्ष 2023–024 किराये पर लिये जाने वाले वाहन के सम्बन्ध में शर्तें।

1. निविदा दो बिड के माध्यम से की जायेगी (तकनीकी व वित्तीय बिड)।
2. ईनोवा/होंडा सिटी/डिजायर/अमेज/बोलेरो डीजल वाहन टॉप मॉडल 2020।
3. वाहन का मेक/मॉडल जनवरी 2020 से पूर्व का मान्य नहीं होगा।
4. वाहन का एवरेज बोलेरो/ईनोवा 10 कि0मी0 प्रति लीटर होंडा सिटी/डीजायर/अमेज 12 कि0मी0 प्रति लीटर से कम ना हो।
5. वाहन ड्यूटी पर तैनात चालक को बिना अधिकारी की अनुमति के नहीं बदला जायेगा। ऐसा न करने पर वसूली की जायेगी।
6. वाहन चालकों का ई0पी0एफ0 कटौती व इंश्योरेन्स देना अनिवार्य है, जिसके न होने की दशा में चालक नहीं रखे जायेगें।
7. वाहन स्वामी को रजिस्ट्रेशन,इन्श्योरन्स जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। वाहन का परमिट उत्तर भारत के राज्यों के लिये होना चाहिये।
8. भुगतान में किसी प्रकार की देरी के लिये कार्य बाधित नहीं किया जायेगा।
9. वाहन की मरम्मत, सर्विस, चालक आदि पर होने वाले व्यय वाहन स्वामी को वहन करना होगा तथा वाहन चालक को वर्दी में रहना होगा, वाहन स्वामी को गाड़ी की दरें चालक सहित उपलब्ध करानी होगीं।
10. वाहन स्वामी को **ईंधन रहित** दर प्रस्तुत करने होगें, व **दरें सभी करों के साथ** प्रस्तुत करें।
11. किसी कारणवश वाहन में अचानक खराबी आ जाये तो उसके बदले दूसरा वाहन शीघ्र उपलब्ध कराना होगा तथा खराब वाहन को तत्काल ठीक कराना होगा, आशय यह है कि कार्य बाधित न हो, कार्य बाधित होने पर वाहन स्वामी की भुगतान में अनुपातिक कटौती के साथ–साथ उतनी ही राशि मरम्मत में की जा रही देरी/लापरवाही के लिये कटौती की जा सकती है।
12. नगर आयुक्त महोदय ,नगर निगम के लिखित अनुमोदन के बिना ठेका मान्य नहीं होगा।
13. कार्य के लिये अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. निविदा के साथ निविदा (EMD) धरोहर के रूप में रू0 1,00,000/–की एफ0डी0आर0/डिमांड ड्रॉफ्ट/ बैंक गारन्टी जो वित्त नियंत्रक नगर निगम देहरादून के नाम प्लेज हो संलग्न करना अनिवार्य है बिना धरोहर के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
15. न्यूनतम दर वाले सफल (L1) न्यूनतम निविदादाता की कार्यपूर्ति धरोहर राशि (परफारमेंस सिक्योरिटी) के रूप में रू0 2.5 लाख एफ0डी0आर0 के रूप में जमा करनी होगी जिसकी वैधता कार्य समाप्ति के बाद कम से कम 06 माह की होनी चाहिये। परफारमेंस सिक्योरिटी धनराशि कार्य समाप्त होने की तिथि के 06 माह बाद ठेकेदार को वापस की जायेगी।
16. वाहन के उपयोग का समय सम्बन्धित अधिकारी द्वारा निर्धारित किया जायेगा, जिसमें अवकाश के दिवस में शासकीय कार्यो, बैठको आदि के लिये वाहन एवं वाहन चालक उपलब्ध रहेगा।
17. किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार नगर निगम देहरादून में निहित होगा। यह आवश्यक नहीं है कि न्यूनतम अथवा अन्य निविदा को स्वीकार ही किया जाये, गुण–दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति पर विचार किया जायेगा।
18. ट्रेवल्स् एजेन्सी का रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य होगा।
19. विगत तीन वित्तीय वर्षों (2019–20, 2020–21, 2021–22) का ITR आयकर रिर्टन संलग्न करना होगा।
20. फर्म का विगत तीन वित्तीय वर्षो (2019–20, 2020–21, 2021–22) का औसत टर्नआवर 40 लाख रू0 होना चाहिये जो सी0ए0 द्वारा प्रमाणित हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
21. फर्म का किसी सरकारी विभाग या नगर निकाय में विगत 03 वर्षों का स्टॉफ कार वाहन किराये पर दिये जाने सम्बन्धित कार्य का अनुभव होना अनिवार्य है। जिस हेतु सन्तोषजनक कार्य किये जाने का विभागीय अधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा।
22. ट्रेवल एजेन्सी को टोल टैक्स, पार्किंग शुल्क, आर0टी0ओ0 व यातायात नियमों के उल्लघंन के चालान को फर्म द्वारा स्वंय वहन करना होगा।
23. गाड़ियों की संख्या आवश्यकतानुसार कम या ज्यादा हो सकती है।
24. देहरादून क्षेत्र से बाहर यदि अन्य शहरो या क्षेत्रों में रात्रि विश्राम किये जाने की स्थिति में वाहन चालक को अधिकतम रू0 250/– प्रति रात्रि अनुसार देय होगा।

.........................................................

मैंने उपरोक्त नियमों एवं शर्तो का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लिया है यदि यह निविदा स्वीकृत होती है तो मै/हम उपरोक्त नियमों एवं शर्तो का पालन करते हुये, निर्धारित शर्तो के अनुसार वाहन उपलब्ध कराने के लिये सहमत हूँ/है। मैंने कार्य सम्बन्धी सभी विवरण देख लिये हैं व स्थल सहित समस्त जानकारी प्राप्त कर ली है।

हस्ताक्षर ठेकेदार.........................................

नाम.........................................................

पता.........................................................

हस्ताक्षर

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी

नगर निगम देहरादून।